ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, गुरूवार 01 मई 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 2 अंक 39


## पहलगाम हमला, INS सूरत हजीरा पोर्ट पर तैनात : अरब सागर में एंटी शिप-एंटी एयरक्राफ्ट युद्धाभ्यास; शाह बोले- आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा



पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। न्यूज एजेंसी PTI ने डिफेंस सोर्स के हवाले से बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेग्सेथ से फोन पर बात की। हालांकि इसकी डिटेल सामने नहीं आई है।

इस बीच नेवी का जंगी जहाज INS-सूरत गुरुवार को पहली बार सूरत के हजीरा पोर्ट पर तैनात किया गया है। यहां नेताओं और नेवी अफसरों ने इसका स्वागत किया। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक, इंडियन नेवी ने अपने सभी वॉरशिप को अलर्ट पर रखा है। अरब सागर में एंटी शिप और एंटी एयरक्राफ्ट फायरिंग की प्रैक्टिस की गई। गुजरात के नजदीक कोस्ट गार्ड को भी अलर्ट पर रखा गया है।

उधर, पाकिस्तान ने इंटरनेशनल बॉर्डर पर चौकियों पर अपने झंडे फिर लगा दिए हैं। एक दिन पहले पाक ने चौकियों से झंडे हटा दिए थे। इस बीच खबर है कि पाकिस्तान ने अमेरिका से मदद मांगी है।

### भारत-पाक सीमा के फॉरवर्ड पोस्ट्स पर पाकिस्तान ने सेना तैनात की, चीन से मिली तोपें भी शामिल

पाकिस्तान ने भारत की सीमा से सटे इलाकों में अपनी सेना और हथियारों की तैनाती बढ़ा दी है। न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से बताया- पाकिस्तान ने राजस्थान के लॉन्गेवाला और बाड़मेर के पास एयर डिफेंस सिस्टम, तोपें और रडार तैनात किए हैं। पाकिस्तान की वायुसेना फिलहाल तीन बड़े युद्ध अभ्यास कर रही है। पाकिस्तान की सेना को चीन से नई SH-15 तोपें भी मिल रही हैं, जिन्हें अब सीमा के पास तैनात किया जा रहा है।

नौसेना के कमांड अधिकारी कैप्टन संदीप शोरे ने कहा कि देश के सबसे उन्नत और शक्तिशाली युद्धपोतों में से एक INS सूरत को सूरत लेकर आना मेरे लिए गर्व की बात है। जिस तरह से शहर में उनका और युद्धपोत का स्वागत किया गया, वह पूरे दल के लिए सम्मान की बात रही।

कैप्टन संदीप शोरे ने बताया- यह युद्धपोत विध्वंसक श्रेणी में आता है और इसे मल्टी-मिशन ऑपरेशनों के लिए तैयार किया गया है। यह पनडुब्बी, जहाज, विमान जैसे किसी भी लक्ष्य को निशाना बना सकता है और इसके साथ हेलिकॉप्टर भी तैनात रहते हैं। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना की ताकत और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है।

युद्धपोत में आधुनिक हथियार प्रणाली, रडार, और मिसाइलें लगी हैं जो इसे समुद्री सुरक्षा के लिए बेहद प्रभावी बनाती हैं। सूरतवासियों ने इस मौके पर भारतीय नौसेना के जवानों का गर्मजोशी से स्वागत किया। युद्धपोत के आगमन से शहर में देशभक्ति और गौरव का माहौल देखा गया।

## जोमैटो ने 15 मिनट में डिलीवरी सर्विस बंद की:4 महीने पहले लॉन्च की थी; अब ब्लिंकिट के बिस्ट्रो पर फोकस



24 न्यूज अपडेट

फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो (इटर्नल) ने 15 मिनट में क्विक डिलीवरी सर्विस को बंद कर दिया है। यह फीचर चार महीने पहले ही लॉन्च किया गया था। इसे बेंगलुरु, गुरुग्राम, हैदराबाद, मुंबई जैसी मेट्रो सिटी में हैवी एडवर्टाइजमेंट के साथ पेश किया गया था। जोमैटो क्विक, यूजर्स को 2 किलोमीटर के दायरे में 15 मिनट के अंदर रेडी-टू-ईट फूड ऑप्शन देता था। कंपनी सीईओ दीपिंदर गोयल हाल ही दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि रेस्तरां पार्टनर्स की कमी और प्रोडक्ट-मार्केट फिट (PMF) के सही न होने से क्विक डिलीवरी सर्विस में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था।

इससे इससे पहले 2022 में जोमैटो इंस्टेंट नाम की 10 मिनट डिलीवरी सर्विस भी बंद की थी। इसे जोमैटो एवरीडे से रिप्लेस किया गया था। लेकिन बाद में एवरीडे सर्विस को भी ऐप से हटा दिया गया।

जोमैटो ने क्विक फूड डिलीवरी मार्केट में दूसरी बार कदम रखने की कोशिश की थी। मार्च तक क्विक सर्विस कुल ऑर्डर का 8% हिस्सा थी। इसे बंद करने के बाद अब जोमैटो अपनी सब्सिडियरी कंपनी ब्लिंकिट बिस्ट्रो एप पर फोकस कर रही है।

## लेफ्टिनेंट नरवाल की पत्नी बोलीं- कश्मीरियों-मुस्लिमों के खिलाफ न जाएं:जिन्होंने लोगों को मारा, उन्हें सजा मिले; हमें शांति और इंसाफ चाहिए




पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने गुरुवार को कहा, 'घटना के बाद लोग जिस तरह से मुस्लिम और कश्मीरियों के खिलाफ बोल रहे हैं, वो नहीं होना चाहिए। वी वांट... जस्ट पीस एंड ऑनली पीस। हमें न्याय चाहिए। जिन लोगों ने गलत किया है उनको सजा मिलनी चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'पूरे देश से अपील करना चाहती हूं कि विनय नरवाल के लिए प्रार्थना करें। मैं एक और चीज कहना चाहती हूं कि मुझे किसी से नफरत नहीं है।'

उन्होंने ये बात पति विनय के बर्थडे पर आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान कही। शिविर में हिमांशी ने परिवार सहित रक्तदान किया। इस दौरान परिवार के सदस्यों की आंखों में आंसू आ गए।

पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या कर दी। इनमें विनय भी शामिल थे। विनय को पत्नी हिमांशी के सामने ही गोली मारी गई थी।

## चुनाव आयोग ने उठाया कदम, मतदाता सूचना पर्ची में होगा बदलाव, BLO को मिलेगी फोटो आईडी




नई दिल्लीः भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में सुधार के लिए लगातार कदम उठा रहा है. इसी कड़ी में चुनाव आयोग भारत के महापंजीयक (RGI) से मृत्यु पंजीकरण डेटा इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करेगा. इससे मतदाता सूची को तेजी से और सटीक रूप से अपडेट किया जा सकेगा.

चुनाव आयोग ने गुरुवार को कहा कि इससे यह सुनिश्चित होगा कि निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को पंजीकृत मौतों के बारे में समय पर जानकारी मिल जाएगी और बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को मृतक के परिजनों के औपचारिक अनुरोध की प्रतीक्षा किए बिना, क्षेत्र का दौरा करके जानकारी का दोबारा सत्यापन करने की अनुमति मिल जाएगी. निर्वाचन आयोग को मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 के तहत ऐसे विवरण मांगने का अधिकार है. आयोग ने मतदाता सूचना पर्ची (वीआईएस) को अधिक वोटर फ्रेंडली बनाने के लिए इसके डिजाइन में भी संशोधन करने का निर्णय लिया है. मतदाता की क्रम संख्या और भाग संख्या अब अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, तथा फॉन्ट का आकार भी बढ़ा दिया जाएगा, जिससे मतदाताओं के लिए अपने मतदान केंद्र की पहचान करना आसान हो जाएगा और मतदान अधिकारियों के लिए मतदाता सूची में उनके नाम को ढूंढना भी आसान होगा.

### बीएलओ को जारी होंगे मानक फोटो पहचान पत्र

आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि ईआरओ द्वारा नियुक्त सभी बीएलओ को मानक फोटो पहचान पत्र जारी किए जाएं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मतदाता सत्यापन और पंजीकरण अभियान के दौरान नागरिक उन्हें पहचान सकें और विश्वास के साथ उनसे बातचीत कर सकें. आयोग ने बयान में कहा कि चुनाव संबंधी कर्तव्यों को पूरा करने में मतदाताओं और भारत निर्वाचन आयोग के बीच प्रथम इंटरफेस के रूप में यह जरूरी है कि घर-घर जाकर कार्य करते समय बीएलओ को जनता आसानी से पहचान सके.

## GST कलेक्शन ने बनाया नया रिकॉर्ड:पिछले साल की तुलना में 12.6% की बढ़ोतरी, अप्रैल 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपए का राजस्व




24 न्यूज अपडेट

सरकार ने अप्रैल 2025 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (GST) से 2.37 लाख करोड़ रुपए जुटाए। सालाना आधार पर इसमें 12.6% की बढ़ोतरी हुई है। ये GST कलेक्शन का रिकॉर्ड है। इससे पहले हाईएस्ट जीएसटी कलेक्शन का रिकॉर्ड अप्रैल 2024 में बना था। तब सरकार ने 2.10 लाख करोड़ रुपए जुटाए थे। गुरुवार 1 मई को सरकार ने GST के आंकड़े जारी किए हैं।


### डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन से 1.90 लाख करोड़ जुटाए

सरकार ने इस दौरान डोमेस्टिक ट्रांजैक्शन से 1.90 लाख करोड़ टैक्स वसूला है। सालाना आधार पर इसमें 10.7% की ग्रोथ हुई है। वहीं, इम्पोर्ट के जरिए 46,913 करोड़ GST सरकार ने जुटाया है। एक साल में इसमें 20.8% की बढ़ोतरी हुई है।

अप्रैल में सरकार ने टोटल 27,341 करोड़ रुपए की राशि रिफंड की। रिफंड के बाद जुलाई के लिए नेट GST कलेक्शन 2.09 लाख करोड़ रुपए रहा।

पिछले वर्ष की समान अवधि (जुलाई 2023) की तुलना में ये 9.1% ज्यादा है।

## राममंदिर के 6 दरवाजों पर 18Kg सोना मढ़ा जा रहा:मुख्य कलश पर भी लगेगा; सिंहासन पर विराजमान होंगे राम-सीता



राम मंदिर के दरवाजों पर फिर सोना लगाए जाने की शुरुआत हो गई है। अब फर्स्ट फ्लोर के 6 दरवाजों पर 18Kg सोना लगाया जा रहा है। हर दरवाजे पर 3 किलो सोना लगाया जाएगा। मुख्य कलश और राम दरबार के सिंहासन पर भी सोना लगाया जाएगा। इस पर 3 से 4kg सोना मढ़ा जाएगा।

करीब एक साल पहले राम मंदिर के ग्राउंड फ्लोर के 14 दरवाजों पर सोना लगाया गया था। हर दरवाजे पर करीब 3 किलो सोना लगा। जून में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होनी है, ट्रस्ट 3 दिन तक उत्सव मनाने की तैयारी कर रहा है। इसमें क्या होगा? इसका शेड्यूल ट्रस्ट ने जारी नहीं किया है।

फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की प्रतिमाएं आ चुकी हैं। ऐसा बताया जा रहा है कि राम और सीता सिंहासन पर विराजमान होंगे। लक्ष्मण और शत्रुघ्न पंखा डोलाते हुए दिखेंगे। हनुमानजी और भरत की प्रतिमाएं चरणों में बैठे हुए होंगी।

इन मूर्तियों को जयपुर में शिल्पकार सत्यनारायण पांडे ने तैयार किया है। इनको बनाने में सफेद संगमरमर का इस्तेमाल हुआ है। जबकि परकोटे में 6 मंदिर बन रहे हैं। इनमें भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा की मूर्ति स्थापित होंगी। जून में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए तिथि तय की जा रही है।

## हर शेयर पर 7 रुपये डिविडेंड देगी अदाणी पोर्ट्स:चौथी तिमाही में मुनाफा 48% बढ़कर 3014 करोड़ पहुंचा, कमाई 22% बढ़कर 8,770 करोड़



24 न्यूज अपडेट

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (SEZ) ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही (Q4FY25) में 8,770 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 21.81% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 7,200 करोड़ रुपए की कमाई की थी। कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी, टैक्स, कच्चे माल की कीमत जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 3,014 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर यह 47.74% ज्यादा रहा। वहीं, पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले यह 20% बढ़ा है।

चौथी तिमाही (Q4FY25) में अडाणी पोर्ट्स ने संचालन (प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर) 8,488 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल के जनवरी-मार्च के मुकाबले यह 6.58% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 7,964 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।

## हेलिकॉप्टर ध्रुव को HAL से ऑपरेशनल क्लियरेंस मिला



इंडियन आर्मी और इंडियन एयरफोर्स के लिए एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ALH) ध्रुव को जांच के बाद उड़ान की मंजूरी मिल गई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने इसे जल्द शुरू करने की योजना बनाई है। तकनीकी खराबी के कारण इसकी उड़ान पर रोक लगी थी।

ALH ध्रुव के स्वैशप्लेट में खराबी की बात सामने आई थी। इसका पता 5 जनवरी 2025 को पोरबंदर में हुए हेलिकॉप्टर क्रैश के बाद चला था। हादसे में कोस्ट गार्ड के दो पायलट और एक क्रू मेंबर की मौत हुई थी। हादसे की जांच में स्वैशप्लेट की खराबी के कारण क्रैश की बात सामने आई थी।

ALH ध्रुव के अलावा दूसरे हेलिकॉप्टरों में भी इस तरह की खराबी पाई गई थी। इसके बाद जनवरी 2025 से 300 से अधिक ध्रुव हेलिकॉप्टरों की उड़ानें रोक दी गईं थी। इंडियन एयरफोर्स के पास 107, नेवी के पास 14 और आर्मी के पास 191 ध्रुव हेलिकॉप्टर हैं। साल 2024 तक हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) ने कुल 400 से अधिक ध्रुव हेलिकॉप्टर का उत्पादन किया है, जिनमें सैन्य और नागरिक दोनों वर्जन शामिल हैं।

## केदारनाथ मंदिर 10 हजार KG फूलों से सजाया गया:वडोदरा के 220 भक्तों ने सजाया, 8 राज्यों और 3 देशों से मंगवाए गए फूल



चारधाम यात्रा शुरू हो गई है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को खुल गए हैं। वहीं केदारनाथ धाम के कपाट 2 मई को खुलेंगे। इसके बाद 4 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ धाम पहुंच गई है। शुक्रवार सुबह विधि विधान से पूजा-अर्चना के बाद धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे। केदारनाथ धाम में तैयारियां भी शुरू हो गई हैं।

ऐतिहासिक मंदिर को 10 हजार किलोग्राम फूलों से सजाया गया है। इसमें 45 तरह के फूल शामिल हैं। ये फूल 8 राज्य और 3 देशों से मंगवाए गए हैं। श्रृंगार वडोदरा और कोलकाता के कारीगर कर रहे हैं।

केदारनाथ के कपाट खुलने के बाद 6 महीनों तक भक्त दर्शन कर सकेंगे। जून से अगस्त के बीच अगर मौसम सही रहता है, तो इस बार 25 लाख से ज्यादा लोगों के केदारनाथ धाम पहुंचने का अनुमान है।

केदारनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी जगद्गुरु रावल भीमाशंकर लिंग शिवाचार्य ने कहा- केदारनाथ मंदिर के कपाट शुक्रवार सुबह 7 बजे खुलेंगे। उससे पहले सैन्य मौजूदगी और पुष्प सज्जा के साथ अनुष्ठान किए जाएंगे। सबसे पहले बाहरी द्वार खुलेगा, फिर भीतरी द्वार। शुरुआत में पुजारी समेत केवल 4 लोग ही प्रवेश करेंगे। पहली पूजा उसी विधि से होगी, जैसी छह महीने तक बंद पूजा के दौरान होती है। यह निरंतरता ही केदारनाथ को एक शक्तिशाली आध्यात्मिक प्रतीक बनाती है।

## संपादकीय : निर्णय की घड़ी

पुलवामा हमले को एक हफ्ते से अधिक समय गुजर चुका। इसे लेकर लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि आतंकवाद और उसे पोसने वाले पाकिस्तान पर नकेल कसने के लिए सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। घाटी में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर सरकार भी सुरक्षा को लेकर सतर्क है। उसने पचास पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है, और ऐसे स्थलों की पहचान की जा रही है, जहां सैलानियों के लिए खतरा हो सकता है। मगर, फिर भी जन - दबाव बना हुआ है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त निर्णय करने का वक्त है। मगर सरकार कोई भी कदम हड़बड़ी या उत्तेजना में नहीं उठाना चाहती है। सुरक्षा एजंसियों, सेना प्रमुखों और रणनीतिकारों के साथ लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठकें हो चुकी हैं। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद को पुनर्गठित कर दिया है। इसलिए पाकिस्तान को आशंका है कि भारत उस पर कभी भी हमला कर सकता है। मगर भारत सरकार इसे लेकर सावधानी बरत रही है, तो उसकी वजहें भी समझी जा सकती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, उसे कड़ा सबक सिखाया ही जाना चाहिए, मगर इसका तरीका क्या हो, यह जटिल विषय है । यों तो युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं हो सकता, पर पाकिस्तान के मामले में इसे लेकर अधिक गंभीरता से विचार करने की जरूरत पड़ती है। असल मुद्दा आतंकवाद को समाप्त करना है। वह के बाद समाप्त हो जाएगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता। फिर, भारत हमेशा से युद्ध का विरोध और शांति का समर्थन करता रहा है, अगर वही पाकिस्तान के खिलाफ इसकी पहल करता है, तो उस पर सवाल उठेंगे। इसलिए सरकार तमाम पहलुओं पर ठंडे दिमाग से विचार कर रही है। एक शांतिप्रिय राष्ट्र से ऐसे ही व्यवहार की उम्मीद भी की जाती है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार किसी तरह का ढुलमुल रवैया अख्तियार कर रही है। पाकिस्तान से निपटने की रणनीति बनाते समय इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वहां सेना और सियासी हुकूमत समांतर सत्ता हैं। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत से ऊपर अपनी सत्ता कायम कर रखी है। वही आतंकवाद को पोसती और भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में उसका इस्तेमाल करती है। जबकि पाकिस्तान की माली हालत इस वक्त बहुत बुरी है, आम अवाम दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी सेना का उससे कोई मतलब नहीं है, उसका मकसद केवल अपनी सत्ता कायम रखना है । छिपी बात नहीं है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले करने वाले संगठनों के सरगना वहां सेना के संरक्षण में पनाह पाए हुए हैं। ऐसे में भारत को कोई भी कदम उठाने से पहले इस पहलू पर भी विचार करना पड़ता है कि चोट ऐसी जगह पढ़े, जिससे वहां की सेना और खुफिया एजेंसी को ज्यादा नुकसान हो। इसी से आतंकवाद पर भी चोट पड़ेगी। पहलगाम हमले के बाद घाटी के लोगों में भी गम और गुस्सा है, दुनिया के बहुत सारे देश पाकिस्तान की निंदा कर चुके हैं। इस तरह भारत के लिए आतंकवाद पर रणनीतिक रूप से चोट करने का अनुकूल वातावरण है।

## सुलगते सवाल

मध्य कोलकाता स्थित एक होटल में लगी आग और जान-माल के नुकसान से फिर यही जाहिर हुआ है कि अग्नि सुरक्षा के उपायों को लेकर लापरवाही का आलम बना हुआ है। आग की लपटों में संवेदना भी दम तोड़ रही है। यह कोलकाता नगर निगम की विफलता ही मानी जाएगी कि थोक बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके में होटल चलाने की अनुमति दी गई। यह तस्वीर पूरे देश में दिखती है। ज्यादातर थोक मंडियों और बाजारों के आसपास नियम-कायदे ताक पर रख होटल खोलने की मंजूरी दे दी जाती है। बड़ाबाजार के जिस होटल में आग लगी, वहां अट्ठासी अतिथि ठहरे हुए थे। अगर दमकलकर्मियों ने सूझबूझ न दिखाई होती, तो ज्यादा लोगों की मौत होती । फिर भी, उसमें चौदह लोगों की मौत हो गई। इसकी जवाबदेही आखिर किसकी है। आज जब आग लगते ही लोगों को सतर्क करने और आग बुझाने की अत्याधुनिक तकनीकें उपलब्ध हैं, तो इन साधनों के बिना होटल का लाइसेंस कैसे मिल जाता है ? हादसे के बाद जांच का आदेश समस्या का कोई हल नहीं है। चिंता इस बात की है कि ऐसी घटनाओं से कभी सबक नहीं लिया जाता। बड़ा बाजार भीड़भाड़ वाला सघन इलाका है। वहां अनियोजित और अवैध निर्माणों की वजह से समस्या और बढ़ गई है। जिस होटल में आग लगी वहां फलों की मंडी लगती है। हैरानी है कि ऐसे भीड़भाड़ वाले इलाके में अग्निशमन के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं होटल की भीषण आग पर काबू पाने में जो मुश्किलें पेश आई, उससे जाहिर है कि वहां अग्नि सुरक्षा के मूलभूत इंतजाम नहीं थे। गर्मी के मौसम के महेनजर आग बुझाने के व्यावहारिक उपाय किए गए होते, तो होटल भट्टी में तब्दील नहीं होता। पहले भी उस इलाके में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। मगर, हैरत की बात है कि चाहे स्टीफन कोर्ट अग्निकांड हो या एएमआरआइ अस्पताल में लगी आग, उनसे कोई सबक नहीं लिया गया, जिनमें कई लोगों की मौत हो गई थी। कोलकाता के बीचों-बीच हुई इस घटना पर सवाल उठ रहे हैं, तो इसका जवाब सरकार को देना हो होगा। इससे बचा नहीं जा सकता।

# राजस्थान में गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, बीकानेर जैसा तपा चित्तौड़गढ, उदयपुर भी 43 पार, जैसलमेर 46.7




**उच्चतम तापमान वाले प्रमुख शहर**

**जैसलमेर – 46.7C, बाड़मेर – 46.1C, चित्तौड़गढ़ – 45.0C, बीकानेर – 44.9C, फलोदी – 44.2C**

**चित्तौड़गढ़ बनाम सबसे गर्म शहर**

**जैसलमेर से सिर्फ 1.7C कम, बाड़मेर से 1.1C कम बीकानेर से मात्र 0.1C अधिक, कोटा (43.2C) से 1.8C अधिक, डबोक (उदयपुर) बनाम अन्य गर्म शहर बीकानेर (44.9C) से 1.9C कम, कोटा (43.2C) से 0.2C कम, जयपुर (40.8C) से 2.2C अधिक, अजमेर (42.2C), भीलवाड़ा (42.4C), जोधपुर (42.6C) से भी ज्यादा गर्म**

**अन्य प्रमुख शहरों की स्थिति**

**जयपुरः 40.8C, अजमेरः 42.2C, भीलवाड़ाः 42.4C जोधपुरः 42.6C, गंगानगरः 43.3C, चूरूः 43.5C**

### 24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राजस्थान में गर्मी अब पूरे शबाब पर है। जैसलमेर और बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी इलाके जहां परंपरागत रूप से सबसे अधिक तापमान के लिए जाने जाते हैं, वहीं अब चित्तौड़गढ़ और उदयपुर जैसे अपेक्षाकृत ठंडे माने जाने वाले इलाके भी लू की चपेट में आ गए हैं। बुधवार को जैसलमेर में तापमान 46.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जबकि बाड़मेर 46.1 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। लेकिन इस भीषण गर्मी की सूची में चित्तौड़गढ़ और डबोक (उदयपुर) का नाम भी चौंकाने वाले आंकड़ों के साथ सामने आया है। चित्तौड़गढ़ में बुधवार को अधिकतम तापमान 45.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो न सिर्फ अब तक के सीजन में उसका उच्चतम तापमान है, बल्कि यह प्रदेश के सबसे गर्म जिलों जैसलमेर और बाड़मेर से सिर्फ एक-डेढ़ डिग्री कम रहा। बीकानेर, गंगानगर, फलोदी और कोटा जैसे गर्म शहर भी चित्तौड़गढ़ के मुकाबले ज्यादा आगे नहीं दिखे। इस तरह चित्तौड़गढ़ अब प्रदेश के गर्मतम शहरों की सूची में तीसरे पायदान पर आ गया है। डबोक (उदयपुर) में भी गर्मी ने अपना रौद्र रूप दिखाया, जहां अधिकतम तापमान 43.0 डिग्री सेल्सियस रहा। यह तापमान कोटा, जोधपुर, भीलवाड़ा और अजमेर जैसे इलाकों से भी अधिक था, जो आमतौर पर गर्मी के लिए अधिक जाने जाते हैं। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि अब दक्षिण राजस्थान भी रेगिस्तानी इलाकों की तरह ही झुलसने लगा है। खास बात यह है कि उदयपुर की यह स्थिति तब है जब यहां जलाशयों और हरियाली की भरमार है, फिर भी पारा 43 डिग्री तक पहुंच जाना चिंताजनक है। जयपुर, अजमेर, जोधपुर, भीलवाड़ा जैसे शहरों में तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच रहा, लेकिन चित्तौड़गढ़ और उदयपुर ने ताप के मुकाबले में इन शहरों को पीछे छोड़ दिया। ऐसे में यह स्पष्ट है कि इस बार गर्मी का फैलाव केवल थार के इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेश में अपना दबदबा बना रही है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आगामी 24 घंटों में भी तापमान में कोई खास गिरावट की उम्मीद नहीं है। आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है और कहीं-कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चल सकती हैं, जिससे लू का असर और अधिक बढ़ सकता है।

## खड़गदा दिगंबर जैन मंदिर में चोरी का प्रयासः गुंबद उखाड़ा, जागरूक पड़ोसियों के चलते चोर भागे; ग्रामीणों में आक्रोश



### 24 न्यूज अपडेट

\24 न्यूज अपडेट, डूंगरपुर (सागवाड़ा)। सागवाड़ा थाना क्षेत्र के खड़गदा गांव में स्थित प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में बुधवार आधी रात को चोरों ने सोने का पानी चढ़े गुंबद को चोरी करने का दुस्साहसिक प्रयास किया। करीब तीन चोर मंदिर की छत पर चढ़कर गुंबद को उखाड़ चुके थे, लेकिन समय रहते पड़ोस में रहने वाले सुशील पुरोहित की सतर्कता से बड़ा नुकसान टल गया। रात्रि के समय मंदिर परिसर में खटपट की आवाज सुनकर सुशील पुरोहित बाहर आए तो उन्होंने कुछ संदिग्ध गतिविधियां देखीं। उनके बाहर निकलते ही चोर मौके से भाग निकले। इसके बाद उन्होंने तत्काल गांव के अन्य लोगों को सूचना दी, जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। घटना की सूचना मिलने पर सागवाड़ा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। ग्रामीणों, विशेषकर पंकज जैन, नवीन जैन, चांदमल जैन, हेमंत जैन और दीपक जैन ने मंदिर में हुई इस चोरी की कोशिश पर गहरा आक्रोश जताया और जल्द से जल्द दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैन समाज की आस्था के केंद्र इस मंदिर में इस तरह की आपराधिक घटना अत्यंत निंदनीय है और इससे पूरे समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मंदिर क्षेत्र में रात के समय गश्त बढ़ा दी गई है।

## देशभर में 12.8 करोड़ की साइबर ठगीः बैंक अधिकारियों की मदद से अमन ने रची बड़ी साजिश, दो गिरफ्तार, मास्टरमाइंड फरार




### 24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, बांसवाड़ा। देश के 12 राज्यों में फैले साइबर अपराध के एक बड़े नेटवर्क का बांसवाड़ा पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। इस ठगी में बांसवाड़ा स्थित यस बैंक के डिप्टी मैनेजर और बैंक का पूर्व कर्मचारी सीधे शामिल थे। इन दोनों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि मुख्य आरोपी अमन कलाल अभी फरार है। डीएसपी गोपीचंद मीणा ने बताया कि ठगी के इस रैकेट में गिरफ्तार किए गए आरोपी मेगनेश जैन (उम्र 28) वर्तमान में बांसवाड़ा स्थित यस बैंक में डिप्टी मैनेजर है। वहीं दिव्यांशु सिंह (उम्र 30) पहले बैंक का कर्मचारी रह चुका है। मास्टरमाइंड अमन कलाल (निवासी परतापुर, बांसवाड़ा) ने इन दोनों को साजिश में शामिल किया और बैंक के निष्क्रिय खातों का इस्तेमाल ठगी की रकम छिपाने व निकालने में किया गया। डिजिटल गिरफ्तारी और निवेश का लालच देकर लूटी रकम साइबर अपराधियों ने "डिजिटल अरेस्ट", निवेश पर अधिक रिटर्न, क्रिप्टो ट्रेडिंग, और पार्ट-टाइम नौकरी का झांसा देकर लोगों को जाल में फंसाया। जब पीड़ित डर जाते, तो उन्हें फर्जी पुलिस या एजेंसियों के नाम पर धमकाकर क्यूआर कोड स्कैन करवा कर या फर्जी वेबसाइट से रकम वसूली जाती थी। बिना अप्रूवल खातों को किया अनफ्रीज, चेक से कैश निकासी जांच में खुलासा हुआ कि मेगनेश जैन खातों को बैंक की आधिकारिक प्रक्रिया के बिना अनफ्रीज करता था। उसके बाद उन खातों से फर्जी चेकों और जाली हस्ताक्षरों के जरिए नकद निकासी होती थी। निकाली गई राशि को हवाला चैनल के ज़रिए दुबई भेजा गया। पुलिस को यह भी पता चला है कि अमन और उसकी पत्नी हाल ही में दुबई गए थे, जिससे विदेश से तार जुड़े होने की संभावना और गहरा गई है। 44 से अधिक शिकायतें, 11 खातों पर गहरा संदेह बांसवाड़ा साइबर थाना पुलिस के अनुसार, देशभर के राज्यों — कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, गोवा, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, बिहार, तेलंगाना, हरियाणा और गुजरात — में कुल 44 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं। इन सभी में उपयोग किए गए बैंक खातों की जानकारी बांसवाड़ा क्षेत्र के लोगों से जुड़ी है।

### जान-पहचान के खातों का दुरुपयोग

पूर्व बैंक कर्मचारी दिव्यांशु ने 2022 में नौकरी के दौरान अपने परिचितों से खाते खुलवाए थे। उसने भरोसे में लेकर उनके एटीएम व चेकबुक अपने पास रख लिए। खाता बंद करने के नाम पर लोगों से दस्तावेज लेकर खातों को बंद नहीं किया, बल्कि उन खातों का उपयोग ठगी में किया गया। साइबर ठगी के मामलों में जिन खातों का दुरुपयोग हुआ, उनमें भचड़िया के बालकृष्ण डोडियार, डड़का की शीतल बेन कलाल, आमजा के कौशल, चौपासाग के राहुल पाटीदार, आमना की रेखा कुमारी, डडूका के संदेश शाह और तनेश शाह, सिंधी कॉलोनी के संतोष कुमार शर्मा सहित कुल 11 व्यक्तियों के बैंक खाते शामिल हैं।

### पुलिस जुटी मास्टरमाइंड की तलाश में

बांसवाड़ा पुलिस ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए अलग-अलग टीमें गठित कर दी हैं। पुलिस का मानना है कि अमन कलाल के जरिए यह नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हो सकता है। उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस की कार्रवाई भी की जा रही है।

## तालाब में डूबने से किशोर की मौतः एक दिन से लापता था, सुबह मिला शव, गांव में छाया मातम



### 24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। बंबोरा गांव के शांत माहौल को बुधवार सुबह उस वक्त गहरा आघात लगा जब गांव के एक 15 वर्षीय किशोर का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। मृतक मुकेश मीणा मंगलवार दोपहर से घर से लापता था। परिजन रातभर उसे ढूंढते रहे, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के तालाब में शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

### घर से निकला और लौटकर नहीं आया

जानकारी के अनुसार, मुकेश पड़ोस में पानी पीने गया था, लेकिन इसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। परिजनों ने बताया कि वह अक्सर घर से दूर नहीं जाता था। रातभर तलाश के बाद भी जब उसका कुछ पता नहीं चला तो चिंता और बढ़ गई। सुबह तालाब के किनारे उसकी चप्पलें और कपड़े देखे गए, जिससे अंदेशा हुआ कि वह तालाब में नहाने गया होगा। ग्रामीणों ने जब पानी में तलाश की, तो कुछ ही देर में शव तैरता नजर आया।

### पुलिस जांच में जुटी, हर पहलू खंगाल रही

घटना की सूचना मिलते ही कुराबड़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बाहर निकाला गया और कुराबड़ के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नहाते समय डूबने का प्रतीत होता है, लेकिन सभी संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है।

### घर का सहारा था मुकेश, सबसे बड़ा बेटा था

मुकेश मीणा गांव के गरीब परिवार से था। वह कक्षा 7वीं का छात्र था और चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। उसके पिता देवीलाल मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन करते हैं। बेटे की मौत से माता-पिता बेसुध हैं और गांव में शोक की लहर है।

### ग्रामीणों की मांग -तालाब के किनारे सुरक्षा उपाय हों

घटना के बाद ग्रामीणों में रोष भी देखा गया। उन्होंने मांग की कि गांव के तालाबों के पास सुरक्षा के इंतजाम होने चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## पशुधन विकास में पशुपालन मजदूरों का भी महत्वपूर्ण योगदान

### 24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 01 मई। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छगाणी ने बताया कि पशुपालन मजदूर ऐसे व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होता है जो खेत पर काम करता है संभवतः पशुपालन पर ध्यान केन्द्रित करता है। डॉ. छंगाणी के अनुसार देश में 53 प्रतिशत से भी अधिक मजदूर खेतों में जुताई इत्यादि के साथ डेयरी पालन मुर्गी पालन जैसे कार्यों से जुड़े हुए है। पशुपालन मजदूर की मुख्य जिम्मेदारियां पशुओं की देखभाल, पशु प्रजनन में सहायक पशु स्वास्थ्य की निगरानी, पशुधन परिवहन एवं सामान्य रखरखाव है। अगर इन्हें उपयुक्त प्रशिक्षण दिया जाये तो ये बेहतर कार्य कर सकते है। डॉ. छंगाणी ने बताया कि मजदूर दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि यह दिन दुनिया भर के मजदूरों और श्रमिक वर्ग के लोगों को समर्पित है। देश के विकास में ऐसा कोई निर्माण नही है जिसमें मजदूर वर्ग के परिश्रम का योगदान न हो। पशु उत्पादन में भी अत्यधिक भूमिका पशुपालन मजदूरों की ही होती है। राष्ट्र की प्रगति और उन्नति में इनकी भागीदारी के बिना असंभव है। डॉ. छंगाणी ने बताया मजदूर दिवस का उद्देश्य मजदूरों के सम्मान के अलावा उनकी एकता को मजबूत बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता करना भी है।

## मुस्लिम समुदाय ने बिजली बंद रख वक्फ कानून का किया विरोध, कहा- काला कानून वापस लो

### 24 न्यूज अपडेट

वक्फ संपत्तियों पर संसद में पास हुए वक्फ कानून के विरोध में बुधवार रात उदयपुर में मुस्लिम समाज द्वारा अनोखा और शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया गया। शहर की ऐतिहासिक पलटन मस्जिद में विरोध स्वरूप लाइटें बंद कर सांकेतिक संदेश दिया गया। मस्जिद की सभी लाइटें कुछ समय के लिए बंद कर समाज ने वक्फ कानून व उसके प्रावधानों का विरोध किया। इसके साथ ही उदयपुर के कई अन्य इलाकों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी अपने घरों और मोहल्लों की लाइटें बंद कर विरोध जताया। यह प्रदर्शन अखिल भारतीय स्तर पर आहवान के बाद किया गया। समुदाय के प्रबुद्धजनों ने बताया कि वक्फ कानून न केवल समुदाय की धार्मिक और सामाजिक संपत्तियों पर सीधा हस्तक्षेप है, बल्कि संविधान में प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों का भी उल्लंघन करता है।



# प्रदीप मिश्रा बोले-बेटियों बाहर का पहनावा राजस्थान में मत लाओ अपनी ड्रेस का खास ध्यान रखो; महिला की चेन चोरी हुई तो रोने लगी



24 न्यूज अपडेट

कथावाचक प्रदीप मिश्रा ने कहा- मैं आज राजस्थान की भूमि पर जयपुर से अपनी बेटियों को कहना चाहूंगा कि आप पहनावे का बहुत ध्यान रखें। आप कितने भी बड़े और विकासशील हो जाएं। आप बाहर की सभ्यता और बाहर का पहनावा राजस्थान में मत लेकर आना।

विद्याधर नगर स्टेडियम में गुरुवार से सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा की शुरुआत हुई। इस दौरान प्रदीप मिश्रा ने कहा- राजस्थान का पहनावा अपने आप में अलौकिक है। यहां का पहनावा तो पार्वती जी ने भी धारण किया। भगवान शंकर ने भी धारण किया। ईसर और गौरा के रूप में जब शिवमहापुराण का यजमान बने थे। माता पार्वती ने सोलह श्रृंगार किया था।

## चोरों ने महिलाओं की चेन तोड़ी

कथा में उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर चोर महिलाओं के गले से चेन तोड़ ले गए। लोगों के पर्स भी चोरी हो गए। महिलाएं रोती हुई इधर से उधर भटकती रहीं। तेज धूप और गर्मी के कारण कई महिलाएं अचेत हो गईं, जिन्हें साथ की महिलाओं ने संभाला।

## शिव और सती के प्रसंग सुनाए

इससे पहले, कथा की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण, गणेश पूजन और जलाधिवास अनुष्ठान से हुई। प्रदीप मिश्रा ने पहले दिन शिव और सती की कथा सुनाई। उन्होंने कथा के माध्यम से शिव भक्ति, संयम और सेवा का संदेश दिया। श्रद्धालु पूरे समय ध्यानपूर्वक कथा सुनते रहे और हर प्रसंग पर जयकारे लगाए। आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि प्रत्येक दिन महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रतिदिन 1 लाख लोगों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

# SMS अस्पताल में छत का हिस्सा गिरा: सर्जिकल वार्ड में भर्ती मरीज के चेहरे पर गंभीर चोटें, दो पलंग और टेबल भी टूटे



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजधानी जयपुर के सवाई मानसिंह (SMS) अस्पताल में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ, जब सर्जिकल यूनिट-3 के एच वार्ड में छत का प्लास्टर मरीजों पर गिर गया। सुबह करीब 10:30 बजे हुए इस हादसे में दो मरीज घायल हो गए, जिनमें एक के होठ, सिर और आंख के पास गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल गंभीर रूप से घायल मरीज को ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट किया, जहां सर्जरी विभाग की एचओडी डॉ. ओम प्रभा और उनकी टीम ने घाव की सर्जरी कर टांके लगाए। दूसरे घायल मरीज का भी प्राथमिक उपचार कर सुरक्षित वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

अधीक्षक ने दी जानकारी, जांच के आदेश

SMS अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि हादसे में दो मरीजों को चोटें आई हैं। दोनों को तुरंत इलाज देकर अन्य सुरक्षित वार्ड में स्थानांतरित किया गया। उन्होंने कहा कि हादसे की गंभीरता को देखते हुए पूरे वार्ड की सुरक्षा जांच कराई जा रही है और निर्माण विभाग को घटना की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं।

स्टाफ भी हैरान, लीकेज या सीलन के नहीं थे कोई संकेत

वार्ड स्टाफ के मुताबिक, हादसे के पहले तक छत पूरी तरह सामान्य प्रतीत हो रही थी। वहां कोई सीलन, दरार या लीकेज नहीं दिख रही थी। लेकिन अचानक डक्टिंग के पास से प्लास्टर का बड़ा हिस्सा नीचे गिरा, जो सीधे एक मरीज पर आ गिरा। इसके कारण दो पलंग और एक टेबल भी टूट गए। इस हादसे के बाद मरीजों और उनके परिजनों में भय और आक्रोश का माहौल है। वार्ड में मौजूद लोगों ने अस्पताल प्रशासन से वार्डों की संरचनात्मक सुरक्षा की व्यापक जांच की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# बिलासपुर केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदू छात्रों से जबरन नमाज पढ़वाने का आरोप: प्रोफेसर दिलीप झा गिरफ्तार, 8 पर एफआईआर; साक्ष्य से छेड़छाड़ और सहयोग न करने पर पुलिस की कार्रवाई



24 न्यूज अपडेट

बिलासपुर | गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर में हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया है। NSS कैंप के दौरान हिंदू छात्रों से कथित रूप से जबरन नमाज पढ़वाने के आरोप में यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर दिलीप झा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कुल आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है, जिनमें कई प्राध्यापक और एक छात्र टीम लीडर भी शामिल हैं। यह विवाद तब शुरू हुआ जब एनएसएस कैंप के दौरान ईद पड़ने पर कुल 159 छात्रों में से केवल 4 मुस्लिम छात्रों की उपस्थिति में 155 हिंदू छात्रों को कथित रूप से नमाज पढ़वाई गई। छात्रों ने इसे जबरदस्ती बताया और कहा कि विरोध करने पर उन्हें प्रमाण-पत्र न देने की धमकी दी गई। घटना के बाद कई हिंदूवादी संगठनों ने विश्वविद्यालय का घेराव कर आक्रोश व्यक्त किया और पुलिस व प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

पुलिस का दावा: सबूतों से छेड़छाड़, विवेचना में असहयोग के चलते हुई गिरफ्तारी

सीएसपी और मीडिया प्रभारी रश्मित कौर चावला ने बताया कि मामले की जांच में यह पाया गया कि आरोपीगण ने जांच में सहयोग नहीं किया और साक्ष्यों को प्रभावित करने का प्रयास भी किया। इसके आधार पर कोनी थाने में प्रोफेसर दिलीप झा सहित आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जिनमें डॉ. मधुलिका सिंह, डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. नीरज कुमारी, डॉ. प्रशांत वैष्णव, डॉ. सूर्यभान सिंह, डॉ. बसंत कुमार और छात्र टीम लीडर आयुष्मान चौधरी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रो. झा को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आरोपी का पक्ष: कैंप में शामिल नहीं था, झूठे आरोप लगाए गए

प्रोफेसर दिलीप झा ने अपने बचाव में कहा है कि वे उस एनएसएस कैंप में मौजूद ही नहीं थे, और न ही उन्हें नमाज जैसी किसी गतिविधि की जानकारी थी। उन्होंने कहा कि उन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है और बिना किसी साक्ष्य के नामजद किया गया है।

छात्रों की शिकायत और हिंदू संगठनों का आक्रोश

छात्रों की ओर से की गई शिकायत में साफ तौर पर बताया गया कि उन्हें धार्मिक प्रार्थना में भाग लेने के लिए बाध्य किया गया, जो उनकी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। विरोध में कई संगठनों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए कहा कि यह घटना न केवल असंवैधानिक है, बल्कि युवाओं के मानसिक और सांस्कृतिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। संगठनों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। यह मामला अब न केवल प्रशासनिक स्तर पर, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है, लेकिन लगातार बढ़ते विरोध और जांच की प्रगति को देखते हुए इस मामले में और भी गिरफ्तारियां या अनुशासनात्मक कार्रवाइयां हो सकती हैं।

# बालोतरा के पास तस्करों से मुठभेड़: पुलिस पर चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में एक तस्कर घायल; ढाई क्विंटल डोडा-पोस्त बरामद, साथी भी दबोचा



24 न्यूज अपडेट

बाड़मेर | बाड़मेर जिले के सिवाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह डोडा-पोस्त तस्करों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। सिवाना पुलिस, डीसीआरबी और डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर के कूल्हे पर गोली लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर पास ही एक गड्ढे में गिर गया। उसका साथी मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। मौके से डोडा-पोस्त से भरी एक ब्रेजा कार बरामद की गई है, जिसमें करीब ढाई क्विंटल मादक पदार्थ भरा हुआ था। यह कार्रवाई सिवाना डीएसपी नीरज शर्मा के नेतृत्व में की गई। पुलिस को पहले से सूचना मिली थी कि एक ब्रेजा कार में भारी मात्रा में डोडा-पोस्त भरकर सिवाना की ओर लाया जा रहा है। इस इनपुट पर पुलिस ने अलसुबह मोकलसर के पास हिंगलाज मंदिर के नजदीक नाकाबंदी की। जैसे ही संदिग्ध कार वहां पहुंची, उसमें सवार तस्करों ने बैरिकेड्स तोड़ते हुए भागने की कोशिश की। पुलिस ने उनका पीछा किया, और करीब 10 किलोमीटर तक कार का पीछा करने के बाद तस्करों ने कार को पहाड़ी इलाके की ओर मोड़ दिया, जहां आगे रास्ता नहीं होने पर वे कार छोड़कर भागने लगे। पुलिस जब पहाड़ियों में उनका पीछा कर रही थी, उसी दौरान तस्करों ने अचानक पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में एक तस्कर रमेश पुत्र पनाराम निवासी जैसार, चौहटन के कूल्हे में गोली लग गई और वह गड्ढे में जा गिरा। उसे घायलावस्था में पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए जोधपुर रेफर कर दिया गया। उसका साथी खीरथाराम निवासी बायतु, पनजी को भी पुलिस ने मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। घटना के बाद बालोतरा एसपी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। एफएसएल और एमओबी टीमों को बुलाकर घटनास्थल से सबूत जुटाए जा रहे हैं। बरामद कार की तलाशी में पुलिस को काले प्लास्टिक के बोरों में करीब ढाई क्विंटल डोडा-पोस्त मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है। पुलिस की अलग-अलग टीमें इस मामले में आगे की जांच कर रही हैं और पकड़े गए तस्कर से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, यह इलाका तस्करी के लिए संवेदनशील है और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। घटनास्थल पर गोलीबारी की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया, लेकिन समय रहते पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में ले लिया।

# पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड- द्वितीय भर्ती, 2024 -ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र नहीं भरने वाले 11 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर

24 न्यूज अपडेट

न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड- द्वितीय भर्ती, 2024 के अन्तर्ग त प्रदत्त अवसर के दौरान ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले 11 अभ्यर्थियों को इस संबंध में अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। विस्तृत सूचना एवं संबंधित अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग की उपसचिव श्रीमती चित्रा जैनानी ने बताया कि उक्त भर्ती अंतर्गत दिनांक 8 अप्रेल 2025 को घोषित विचारित सूची में सफल अभ्यर्थियों से ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र दिनांक 17 अप्रेल से 23 अप्रेल 2025 तक भरवाए गए थे। इस दौरान ऑनलाईन विस्तृत आवेदन पत्र नहीं भरने वाले 11 अभ्यर्थियों को प्रेस नोट दिनांक 09 अप्रेल 2025 के क्रम में ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने हेतु अंतिम अवसर 1 मई 2025 से 2 मई 2025 (रात्रि 11.59 बजे) तक प्रदान किया जा रहा है। अतः संबंधित अभ्यर्थी उक्तानुसार ऑनलाइन विस्तृत आवेदन-पत्र समयांतर्गत भरना सुनिश्चित करें ऑनलाइन विस्तृत आवेदन पत्र भरने का अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। उक्त संबंध में शेष शर्तें प्रेस नोट दिनांक 9 अप्रेल 2025 के अनुसार यथावत रहेगी।


# भारतीय रेल के लिए डिजाइन करें डिजिटल क्लॉक, पाएँ 5 लाख रुपए का इनाम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। भारतीय रेल ने देश के सभी स्टेशनों पर नए डिजाइन के डिजिटल क्लॉक लगाने की योजना बनाई है जिसके लिए डिजाइन बनाने हेतु एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी स्टेशनों की डिजिटल घड़ियों को मानकीकृत करने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसके तहत पेशेवर, कॉलेज एवं यूनिवर्सिटी स्टूडेंट तथा स्कूली छात्रों के लिए तीन अलग-अलग श्रेणियां बनाई गई हैं। तीनों श्रेणियों को मिलाकर भारतीय रेल में उपयोग के लिए चयनित डिजाइन बनाने वाले किसी एक विजेता को पांच लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार दिया जाएगा। तीनों श्रेणियों में 50-50 हजार रुपए के पाँच-पाँच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता के तहत 1 मई से 31 मई तक प्रतिभागियों को डिजिटल घड़ी का डिजाइन ऑनलाइन माध्यम से जमा करना है। रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार के अनुसार हाई रेजोल्यूशन वाली डिजाइन जिसमें वाटर मार्क या लोगो ना हो, को ईमेल के माध्यम से भेजना है और साथ में मौलिकता का प्रमाण पत्र भी प्रतिभागियों को देना है। सभी प्रतिभागियों को एक से अधिक डिजाइन जमा करने की छूट दी गई है। प्रतिभागियों को अपने डिजाइन के साथ ही डिजाइन के विषय के बारे में एक संक्षिप्त अवधारणा नोट भी जमा करना है। प्रतिभागियों को यह भी सुनिश्चित करना है कि उनका डिजाइन मौलिक है और बौद्धिक संपदा या किसी दूसरे व्यक्ति या संस्था के कॉपीराइट का उल्लंघन नहीं करता है। स्कूली छात्र कैटेगरी में 12वीं तक के छात्रों को शामिल किया गया है जिसके लिए उन्हें स्कूल का पहचान पत्र जमा करना होगा। इसी तरह कॉलेज के छात्र कैटेगरी में वैसे लोगों को शामिल किया गया है जो किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर रहे हों। शेष सभी लोगों को प्रोफेशनल कैटेगरी में रखा जाएगा।

# पटवारी को किया राजकीय सेवा से पदच्युत



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, श्रीगंगानगर। पटवारी सुभाष चन्द्र चालिया निवासी बीकानेर तत्कालीन पटवार मंडल कुचौर अगुणी अतिरिक्त प्रभार कुचौर आथुणी तहसील नोखा बीकानेर व वर्तमान पदस्थापन 40 पीएस तहसील रायसिंहनगर जिला गंगानगर को 28 अप्रैल 2025 को राज्य सेवा से पदच्युत (डिसमिस) कर दिया गया है। जिला कलक्टर डॉ. मंजू के अनुसार पटवारी सुभाष चन्द्र चालिया के विरूद्ध भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में प्रथम सूचना रिपोर्ट भ्रष्टचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 में दर्ज हुई। माननीय न्यायालय बीकानेर द्वारा दोषसिद्ध में चार वर्ष के कठोर कारावास व 50 हजार रूपये का अर्थ दंड से दण्डित किया गया। माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान जोधपुर द्वारा दोषसिद्धि अपास्त नहीं की गई। न्यायालय सेशन न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम बीकानेर के निर्णय द्वारा पटवारी के विरूद्ध दोषसिद्ध होने एवं न्यायालय द्वारा दण्डित किये जाने के कारण सुभाष चन्द्र चालिया को लोकसेवा में रखा जाना अवांछनीय होगा। राजस्थान सिविल सेवा नियम 1958 के अनुसरण में सुभाष चन्द्र चालिया हाल पदस्थापित पटवार मंडल 40 पीएस को 28 अप्रैल 2025 से राजकीय सेवा से पदच्युत किया गया है।

**समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -**
**desk24newsupdate@gmail.com**

# अजमेर के होटल में भीषण अग्निकांड: चार की जिंदा जलने से मौत, मां ने मासूम को खिड़की से फेंककर बचाई जान



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, अजमेर। अजमेर शहर के डिग्गी बाजार स्थित नाज होटल में गुरुवार सुबह करीब 8 बजे भीषण आग लगने से चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में एक चार वर्षीय मासूम, एक महिला, एक युवक और एक अधेड़ पुरुष शामिल हैं। इस हादसे में डेढ़ साल के एक बच्चे सहित चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग की शुरुआत होटल के एयर कंडीशनर में विस्फोट के बाद हुई। देखते ही देखते लपटें पूरे होटल में फैल गईं और पांचवीं मंजिल तक पहुंच गईं। हादसे के समय होटल में बड़ी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे, जो उस वक्त सो रहे थे। जान बचाने के लिए कई लोगों ने खिड़कियों से छलांग लगा दी, जिससे कुछ घायल भी हुए।

## मां की बहादुरी से बचा एक मासूम

हृदयविदारक दृश्य उस समय देखने को मिला जब एक महिला ने धधकते होटल की खिड़की से अपने बच्चे को नीचे फेंक दिया ताकि उसकी जान बचाई जा सके। बच्चा मामूली रूप से झुलसा है। प्रत्यक्षदर्शी मांगीलाल कलोसिया ने बताया कि उन्होंने बच्चे को गोद में पकड़ा और महिला को कूदने से रोका। वहीं, एक अन्य युवक खिड़की से नीचे गिरा और उसे गंभीर चोटें आई हैं।

## झुलसे हुए लोगों को जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया

जेएलएन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अनिल सामरिया ने बताया कि कुल 8 झुलसे हुए लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 4 की मौत हो गई और 4 की हालत गंभीर है। इनमें एक व्यक्ति 90 प्रतिशत तक झुलस चुका है।

होटल अवैध रूप से संचालित, फायर एनओसी नहीं थी

फायर ऑफिसर जगदीश प्रसाद फुलवारी ने बताया कि हादसे की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है, हालांकि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। होटल को बिना फायर एनओसी के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। होटल मालिक हरीश जामनानी ने खुद को मालिक मानने से इनकार किया है।

## रेस्क्यू में बाधा बना संकरा रास्ता, पुलिसकर्मियों की तबीयत बिगड़ी


होटल तक पहुंचने का रास्ता संकरा होने के कारण रेस्क्यू में भारी दिक्कत आई। दमकलकर्मी सीढ़ियां लगाकर ऊपरी मंजिलों तक पहुंचे। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मी और महिला पुलिसकर्मी की तबीयत बिगड़ गई और उल्टियां होने लगीं।

## मौके पर प्रशासनिक अमला पहुंचा

जैसे ही आग लगने की सूचना मिली, मौके पर कलेक्टर लोक बंधु, एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़, एडिशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ और डीआईजी ओम प्रकाश समेत भारी पुलिस बल पहुंच गया। कलेक्टर ने कहा कि इलाज में कोई कोताही नहीं बरती जा रही और होटल में ठहरे लोगों की जानकारी जल्द सार्वजनिक की जाएगी।

**मृतकों की पहचानः** मोहम्मद जाहिद (40), निवासी मोती नगर, नई दिल्ली, एक महिला (30 वर्षीय),,एक युवक (20 वर्षीय),एक व्यक्ति (40 वर्षीय), **घायलों में शामिलः** डेढ़ साल का इब्राहिम,कृष्णा,अल्का,धवन

# खाओ खिलाओ संस्कृति जिंदाबाद : एसीबी चित्तौड़गढ़ की बड़ी कार्यवाही: लसाड़िया थाने का कांस्टेबल 7,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। चाहे कितने भी ट्रेप हो जाएं मगर खाओ खिलाओ संस्कृति है कि रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। पुलिस में यह परम्परा अब अखंड व अमिट हो चुली है। जब भी कोई ट्रेप होता है तो लगता है शायद यह आखिरी हो मगर कुछ समय बाद ही नया खाता कहीं और खुल जाता है। क्या पूरी दाल काली है या फिर दाल में कुछ काला है। यह कहना मुश्किल है। लेकिन रिश्वतखोरों में भय नहीं है व आमजन को विश्वास ही नहीं है कि रिश्वतखोरी समाप्त होगी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) चित्तौड़गढ़ ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए पुलिस थाना लसाड़िया, जिला सलुंबर में तैनात कांस्टेबल किशन लाल शर्मा (कानि. नं. 130) को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि एसीबी को शिकायत प्राप्त हुई थी कि कांस्टेबल किशन लाल शर्मा, परिवादी के साझेदार के शराब के ठेके से थाना प्रभारी (एसएचओ) के नाम पर प्रतिमाह 7,000 रुपये की अवैध मंथली मांग रहा है और लगातार परेशान कर रहा है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसीबी रेंज उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल के पर्यवेक्षण में एवं एसीबी चित्तौड़गढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में ट्रैप की कार्यवाही की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी कांस्टेबल को परिवादी से 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की गहन जांच की जा रही है।

# पहलगाम इम्पेक्ट : सर्राफा व्यापारियों के पास काम करने वाली कारीगरों से पूछताछ, कागजों की जांच



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से सुरक्षा के मद्देनजर उदयपुर पुलिस ने ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन के तहत सुबह ओल्ड सिटी क्षेत्र में पहचान का अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने बाहर से आकर यहां काम करने वाले स्वर्ण कारीगरों से पूछताछ की और उनके दस्तावेजों की जांच की। पुलिस ने तीन थानों की संयुक्त टीम के साथ अभियान की शुरुआत की। घंटाघर, बड़ा बाजार, और अन्य संदिग्ध स्वर्ण कारीगरों से उनके मूल निवास और काम से संबंधित जानकारी प्राप्त की। पुलिस की जांच का मुख्य उद्देश्य यह जानना था कि क्या इन कारीगरों में कोई बांग्लादेशी या अन्य संदिग्ध व्यक्ति शामिल है। पुलिस का कहना है कि जिन संदिग्धों को पकड़ा गया है, उनके दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के बाद ही स्थिति पूरी तरह से स्पष्ट हो सकेगी। अभियान में पुलिस थानों के अधिकारी सुनील शर्मा, मुकेश सोनी, योगेंद्र व्यास सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# पेट्रोलियम पदार्थों से भरे 12 प्लास्टिक के ड्रम व पिकअप जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, चित्तौड़गढ। पारसोली थाना पुलिस एवं रसद विभाग चितौडगढ की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए पिकअप में पेट्रोलियम पदार्थ के अवैध परिवहन करते एक आरोपी को गिरफ्तार कर 2395 लीटर पेट्रोलियम पदार्थो से भरे 12 प्लास्टिक के ड्रम व पिकअप जब्त किये हैं। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध रुप से पेट्रोलियम पदार्थों का परिवहन करने वाले व्यक्तियों पर प्रभावी कार्यवाही के मध्यनजर एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह व डीएसपी बेगूं अंजलि सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली प्रेमसिंह उप निरीक्षक के सुपरविजन में एएसआई सूरजमल, कानि. सोनाराम एवं जिला रसद अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा काटून्दा मे एक बिना नम्बरी पिकअप को रुकवाकर तलाशी ली गई तो पिकअप में पेट्रोलियम पदार्थ से भरे 12 प्लास्टिक के ड्रम रखे हुए पाये गए। पिकअप चालक श्रीराम कॉलोनी डाईट रोड चित्तौड़गढ़ निवासी विशाल पुत्र किशनलाल तारवानी सिंधी से पेट्रोलियम पदार्थ के परिवहन को लेकर अधिकृत बिल या अनुज्ञापत्र की मांग की गई तो नही होना बताया। पिकअप में भरे पेट्रोलियम पदार्थ कुल 2395 लीटर हुआ। पेट्रोलियम पदार्थ से भरे ड्रमो को पिकअप सहित जब्त किया जाकर पिकअप चालक विशाल को गिरफतार किया गया। पेट्रोलियम पदार्थ की उपलब्धता के संबंध में अनुसंधान जारी है।

# ब्राह्मणों का कलवाना में यज्ञोपवित और सामूहिक विवाह समारोह, भगवान परशुराम की 21 फीट मूर्ति व 51 फीट फरसे की स्थापना हेतु भूमि पूजन




24 न्यूज अपडेट

गोगुंदा/सायरा। उदयपुर जिले की सायरा तहसील के ग्राम ब्राह्मणों का कलवाना में रविवार को अखिल भारतीय नागदा पुरोहित ब्राह्मण समाज महासंघ के तत्वावधान में भव्य सामूहिक यज्ञोपवित संस्कार एवं विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा और 51 फीट लम्बे फरसे की स्थापना हेतु भूमि पूजन भी विधिपूर्वक किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश जोशी ने बताया कि समारोह में 101 बटुकों को वैदिक विधि-विधान से उपनयन संस्कार के अंतर्गत यज्ञोपवित धारण करवाया गया। साथ ही समाज के 9 जोड़ों का वैदिक रीति से सामूहिक विवाह भी सम्पन्न हुआ। यह आयोजन ब्राह्मण समाज की एकता, परंपरा और संस्कारों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा और प्रतीकात्मक फरसे की स्थापना के लिए भूमि पूजन समारोह भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा। इस मौके पर विप्र फाउंडेशन सूरत महानगर अध्यक्ष घनश्यामलाल सेवक और मीठालाल पालीवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महासंघ के संरक्षक व शास्त्री पंडित परशुराम जोशी के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञोपवित संस्कार सम्पन्न कराया गया।

## उपस्थिति रही प्रभावशाली

समारोह में महासंघ अध्यक्ष मांगीलाल पुजारी, जागेश्वर मंडल अध्यक्ष प्रकाश जोशी, पदमनाथ मंडल अध्यक्ष मोहन नागदा (सेमड), नागदा ब्राह्मण समाज के राजेश जोशी (कलवाना), पुखराज पुजारी (पलासमा), नारायणलाल बटेरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष करण जोशी सहित बड़ी संख्या में समाजजन और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में सामाजिक एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव की भावना देखने को मिली।

# कांस्टेबल देवनारायणः का चार माह पहले हुआ था तबादला, राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। गुरुवार सुबह उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर हुए दर्दनाक हादसे में शहीद हुए कांस्टेबल देवनारायण गुर्जर को शुक्रवार को गोगुंदा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। 38 वर्षीय देवनारायण मूलतः सवाईमाधोपुर जिले के कुंडेरा थाना क्षेत्र के रायता खुर्द गांव के निवासी थे। वे चार महीने पहले ही भीलवाड़ा जिले के बीगोद थाने में पदस्थापित हुए थे। पुलिस विभाग में उनकी पहचान एक जिम्मेदार, निष्ठावान और मिलनसार अधिकारी के रूप में थी। दुर्घटना के समय देवनारायण एक धोखाधड़ी के आरोपी को गुजरात से गिरफ्तार कर राजस्थान ला रही पुलिस टीम का हिस्सा थे। गोगुंदा थाना क्षेत्र में खाखड़ी गांव के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से पुलिस की कार पुलिया में जा फंसी, जिससे देवनारायण की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एएसआई बंशीलाल, कांस्टेबल सुनील, चालक बलवंत जाट और आरोपी अल्फाज मंसूरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## तीन बेटियों के सिर से उठ गया पिता का साया

देवनारायण अपने पीछे पत्नी और तीन छोटी बेटियों को छोड़ गए हैं। घर का इकलौता सहारा छिन जाने से परिवार में कोहराम मचा है। उनकी पत्नी एक गृहिणी हैं। खबर मिलते ही परिवार के सदस्य गोगुंदा अस्पताल पहुंचे, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव उन्हें सौंपा गया।

## पुलिस अधिकारियों ने दी अंतिम सलामी

गोगुंदा अस्पताल परिसर में कांस्टेबल देवनारायण को पुलिस लाइन दस्ते द्वारा सलामी दी गई। अंतिम संस्कार में प्रशिक्षु आईपीएस माधव उपाध्याय, उदयपुर एएसपी गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, गिर्वा डीवाईएसपी सूर्यवीर सिंह राठौड़, भीलवाड़ा एएसपी पारसमल जैन, डीवाईएसपी बाबूलाल सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी व ग्रामीण मौजूद रहे। पुलिस विभाग ने देवनारायण की शहादत को कर्तव्यपालन में दिए गए सर्वोच्च बलिदान के रूप में याद किया है। अधिकारी वर्ग ने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया है।

## गुजरात से गिरफ्तार आरोपी को ला रही थी टीम

बीगोद थाने की यह पुलिस टीम गुजरात के मेहसाणा से धोखाधड़ी के एक मामले में आरोपी अल्फाज मंसूरी को गिरफ्तार कर राजस्थान ला रही थी। पुलिस की इनोवा कार में कुल पांच लोग सवार थे – तीन पुलिसकर्मी, एक चालक और एक आरोपी। सुबह करीब 5 बजे खाखड़ी गांव के पास रामनिवास होटल के सामने तेज रफ्तार से पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने पुलिस की कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण कार डिवाइडर से टकराई और पुलिया में फंसकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## हाईवे पेट्रोलिंग टीम ने किया रेस्क्यू

हादसे की सूचना मिलते ही हाईवे पेट्रोलिंग यूनिट, गोगुंदा थाना पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सीधा कर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। कांस्टेबल देवनारायण की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी, जबकि अन्य चार घायल अवस्था में गोगुंदा सीएचसी लाए गए, जहां से उन्हें उदयपुर एमबी अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# डूंगरपुर में ज्वेलरी शॉप में चोरीः चोर ले गए 15 तोला चांदी, नकदी और पूजा सामग्री; CCTV में कैद हुई वारदात



24 न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। शहर के सदर थाना क्षेत्र में बीती रात चोरों ने एक ज्वेलरी दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना वस्सी मोड़ स्थित पोपटलाल पंचाल की दुकान में हुई, जहां से चोर 15 तोला पुरानी चांदी, नकद रुपए और पूजा में प्रयुक्त चांदी के बर्तन चोरी कर ले गए। दुकान मालिक पोपटलाल पंचाल के अनुसार चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी से चांदी के जेवर, करीब 2500 रुपए नकद, दो ताले और पूजा सामग्री चुरा ली। सुबह चोरी की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत सदर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई नरेंद्र सिंह, हेड कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल सुरेन्द्र सिंह और हिम्मत सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। चोरों की करतूत दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

## पुलिस कर रही जांच, फुटेज खंगाले जा रहे

पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी सहायता ली जा रही है, ताकि चोरों की गतिविधियों का पूरा ट्रैक रिकॉर्ड किया जा सके।

## स्थानीय व्यापारी वर्ग में रोष

लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश देखा जा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर माकपा ने निकाली रैली, कलेक्ट्रेट पर दिया धरना, राष्ट्रपति के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर।अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर बुधवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की ओर से उदयपुर में रैली और धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में मजदूर और समर्थक टाउन हॉल से रैली के रूप में निकले और नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। कलेक्ट्रेट के बाहर सभा को संबोधित करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेश सिंघवी ने कहा, "मजदूर वह वर्ग है जो सुई से लेकर हवाई जहाज तक बनाता है, लेकिन आज भी उसकी जिंदगी अभावों से भरी है। उसे न तो भरपेट भोजन मिल रहा है, न सिर पर छत है और न ही उसे न्यूनतम मजदूरी सुनिश्चित की जा रही है।" सभा के बाद पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। गाई जाए. प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने "मजदूर एकता जिंदाबाद", "शोषण के खिलाफ संघर्ष तेज करो", जैसे नारों से माहौल को आंदोलित कर दिया। राजेश सिंघवी ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही मजदूरों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। **इन प्रमुख मांगों को किया गया शामिलः**न्यूनतम मजदूरी 1000 रुपए प्रतिदिन तय की जाए, मनरेगा के तहत हर श्रमिक को साल में 200 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया जाए, सामाजिक न्याय की गारंटी सुनिश्चित हो जाति आधारित जनगणना कराई जाए, असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए, ठेका प्रथा पर रोक लगे।

# नर्सिंगकर्मी की संदिग्ध मौत पर हंगामाः भीलवाड़ा के रामस्नेही हॉस्पिटल के बाहर परिजनों का धरना, सड़क पर अंतिम संस्कार की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा।रामस्नेही हॉस्पिटल में कार्यरत 30 वर्षीय नर्सिंगकर्मी भारती कंवर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद गुरुवार सुबह भीलवाड़ा में आक्रोश भड़क उठा। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर मौत की जानकारी छिपाने का गंभीर आरोप लगाते हुए हॉस्पिटल के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और सड़क पर ही अंतिम संस्कार की चेतावनी दी। परिजनों का कहना है कि भारती की मौत बुधवार रात ड्यूटी के दौरान ही हो गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने इस बात की सूचना गुरुवार सुबह करीब 5:30 बजे दी। जब परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे, तब भारती का शव पहले ही एक एम्बुलेंस में रख दिया गया था, जिसे सरकारी अस्पताल की मोर्चरी ले जाने की तैयारी चल रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही भीमगंज और सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रही है। उधर, परिजनों ने अस्पताल के बाहर ही धरना शुरू कर दिया है और न्याय की मांग को लेकर अड़े हुए हैं। गुस्साए लोगों ने अस्पताल गेट पर प्राइवेट एम्बुलेंस खड़ी कर दी और लकड़ियां मंगवाकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर ली। भारती की भाभी रत्ना चौहान ने रोते हुए कहा, "वो बिलकुल ठीक-ठाक घर से गई थी। अस्पताल में क्या हुआ, क्यों हुआ, कुछ नहीं बताया गया। हमसे यह तक नहीं कहा गया कि उसकी तबीयत बिगड़ रही है। जब ऑन ड्यूटी कर्मचारी की मौत हो जाती है और परिजनों को रातभर सूचना नहीं दी जाती, तो ये घोर लापरवाही है। हम सिर्फ न्याय चाहते हैं।" परिजनों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन जवाबदेही से बच रहा है और मौत के कारणों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं दे रहा। वे इस मामले में निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है और अस्पताल प्रबंधन से बातचीत जारी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए MGH (महात्मा गांधी हॉस्पिटल) ले जाया गया है, रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## राजस्थान के खिलाड़ियों का जल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन

# लेकसिटी की शगुन और शबाना ने रचा इतिहास




24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 01 मई। भोपाल की लोवर लेक पर आयोजित 35वीं राष्ट्रीय कायाकिंग-कैनोइंग, 13वीं ड्रैगन बोट और 18वीं पैरा कैनो राष्ट्रीय प्रतियोगिता (जूनियर व सब-जूनियर वर्ग) में उदयपुर के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नेतृत्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में देशभर से 1300 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उदयपुर की शगुन कुमावत ने सब-जूनियर बालिका वर्ग में कायक-1 (200 मीटर) में गोल्ड और कायक-1 (500 मीटर) एवं कायक-2 (500 मीटर) के डबल इवेंट में शगुन कुमावत एवं मनस्वी सुखवाल द्वय ने सिल्वर पदक जीते। शबाना खान ने पैरा कैनो वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया। वहीं बालक वर्ग में रूद्र प्रताप सिंह चौहान और हर्ष कुमार शर्मा की जोड़ी ने कायक-2 (1000 मीटर) में रजत पदक जीता। राजस्थान की ड्रैगन बोट टीम ने पहली बार जूनियर वर्ग में भाग लेते हुए 2000 मीटर मिश्रित इवेंट में रजत पदक अर्जित किया। इस टीम में 16 खिलाड़ियों की भागीदारी रही, जिनका प्रशिक्षण कोच निश्चय सिंह चौहान द्वारा फतेहसागर स्थित जल प्रशिक्षण केंद्र पर कराया गया था।

## सांसदों ने किया स्वागत, हर सम्भव मदद का दिया भरोसा

उदयपुर लौटने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। विक्ट्री सेरेमनी के मुख्य अतिथि सांसद श्री मन्नालाल रावत और राज्यसभा सदस्य श्री चुन्नीलाल गरासिया रहे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने उदयपुर को जल क्रीड़ा का विश्वस्तरीय केंद्र बनाने की घोषणा की। सांसद रावत ने जल्द ही एक रेस्क्यू बोट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, वहीं गरासिया ने 10 से 15 लाख रुपये मूल्य की नई कायक बोट्स स्ववित्त से उपलब्ध कराने की घोषणा की। कार्यक्रम में भारतीय ड्रैगन बोट चेयरमैन दिलीप सिंह चौहान ने राजस्थान खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने अद्भुत प्रदर्शन किया है। साथ ही दिसंबर 2025 में उदयपुर की फतेहसागर झील पर सीनियर वर्ग की ड्रैगन बोट राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा की गई। समारोह में राजस्थान संघ के चेयरमैन चंद्रगुप्त सिंह चौहान, स्टैंडप पैडलिंग चेयरमैन तुषार मेहता, कैनो स्प्रिंट चेयरमैन पियूष कच्छावाह, टीम मैनेजर तनिष्क पटवा और अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।